C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:45 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:85 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 69 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 30 अगस्त 2024

ब्रेकअप के बाद अपने एक्स...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पुनर्नवा महिला समिति का स्वास्थ्य शिविर एक सितंबर को लगेगा


हल्द्वानी। पुनर्नवा महिला समिति की ओर से एक सितंबर को जनमिलन केंद्र जयपुर खीमा मोटाहल्दू में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समिति की सचिव शांति जीना ने दी है। उन्होंने बताया कि शिविर में दिल की जांच, कोलेस्ट्रोल, गठिया, थायराइड, शुगर व खून की जाचें की जाएंगी। शिविर में सुशीला तिवारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ.एचपी पटेल, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.एसके पांडे, वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.देव आनंद गुप्ता व वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.अंकिता चांदना रोगियों की नि:शुल्क जांच व दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। शिविर सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक लगेगा।

### युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या कल रुद्रपुर में

**रुद्रपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या रुद्रपुर 31 अगस्त को पहुंचेंगे। अखिल विश्व गायत्री परिवार , शांति कुंज हरिद्वार के संस्थापक, युग ऋषि तपोनिष्ठ, युग दृष्टा, वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संदेश वाहक अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि, पेशे से चिकित्सक रहे और वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉक्टर चिन्मया पंड्या जी, जीवन उपयोगी मार्गदर्शन देने हेतु रुद्रपुर के एक निजी स्कूल के ऑडिटोरियम में सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक प्रवचन देंगे। इस कार्यक्रम की सभी तैयारी रुद्रपुर गायत्री परिवार के मुख्य कार्यकर्ता अशोक छाबड़ा, अनुज अग्रवाल, भोला प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद, सुशील शर्मा, प्रेम शंकर पांडे, त्रिभुवन शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, डीके शर्मा, अंशुल टंडन, अरुण कुमार शर्मा, अजय गोयल, सुनील शुक्ला कन्हैया खंडेलवाल, यशवंत सिंह, राजदेव भारद्वाज युवा वर्ग कर रहे हैं।

# यूपी पर भरोसा करने के लिए आपका धन्यवाद: सीएम योगी

**लखनऊ**
**एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी विकास का डेस्टिनेशन बन रहा है। हम विकास के लिए सारे बैरियर तोड़ देंगे। अब प्रदेश निवेश के लिए पहले स्थान पर है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को संबोधित करते हुए प्रदेश पर भरोसा जताने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से हमने अपना काम कितना आगे बढ़ाया है, ये सफलतम उद्यमियों की बातों से जाहिर होता है। उनके विचार नए उत्तर प्रदेश की पहचान हैं। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को संबोधित करते हुए प्रदेश पर भरोसा जताने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से हमने अपना काम कितना आगे बढ़ाया है, ये सफलतम उद्यमियों की बातों से जाहिर होता है। उनके विचार नए उत्तर प्रदेश की पहचान हैं। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए 27 सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई गईं। कारोबारियों से राय ली गई। पहली बार हमारे पास 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। मैंने मिनिमम लिमिट 2 लाख करोड़ रुपये रखी। कोई मानने को तैयार नहीं था। आज 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। हमने दस लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की। कोई भी इसे ऑनलाइन देख सकता है। उन्होंने कहा कि हर समय टिप्पणी करने वाले देखें कि हमने असंभव को संभव बना दिया है। आज यूपी निवेश के लिए सबसे तीव्र डेस्टिनेशन है। निवेशकों से कहा कि हम विकास के लिए सारे बैरियर तोड़ेंगे और यूपी विकास का बैरियर नहीं बनेगा।

देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ता बढ़कर 94 करोड़ हुए

# हमारी फिनटेक विविधता को देखकर दुनिया हैरान: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया फिनटेक के मामले में भारत की विविधता को देखकर हैरान रह जाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर के ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 को संबोधित किया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया फिनटेक के मामले में भारत की विविधता को देखकर हैरान रह जाती है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (त्स्नस्न) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 卐एक समय था जब लोग हमारी सांस्कृतिक विविधता को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते थे। अब लोग भारत आते हैं और हमारी फिनटेक विविधता को देखकर भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं! एयरपोर्ट पर उतरने से लेकर स्ट्रीट फूड और शॉपिंग तक, भारत की फिनटेक क्रांति हर जगह दिखाई देती है। मुंबई में कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पहले संसद में लोग पूछते थे कि देश में पर्याप्त बैंक शाखाएं नहीं हैं, गांवों में बैंक उपलब्ध नहीं हैं, इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं...फिनटेक क्रांति कैसे आएगी? वे मुझ जैसे चायवाले से ऐसा पूछते थे...अब एक दशक के भीतर ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता 60 मिलियन (6 करोड़) से बढ़कर 940 (94 करोड़) मिलियन हो गए हैं।

मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की फिनटेक क्रांति वित्तीय समावेशन में सुधार के साथ-साथ नवाचार को भी बढ़ावा दे रही है। फिनटेक फेस्ट के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यूपीआई पूरी दुनिया में फिनटेक का बहुत बड़ा उदाहरण बन गया है।

# साइबर क्राइम: हल्द्वानी में कमीशन का प्रलोभन दे युवक से लाखों की ठगी

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने युवक से लाखों रूपए हड़प लिए। पीडित्रत ने साइबर ब्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराते हुए साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रकम वापस लौटाने की गुहार लगाई है।



हल्द्वानी निवासी कमल गोयल ने अपनी तहरीर में बताया कि 15 मई 2024 को उन्हें एक टेलीग्राम चैनल पर अमेज़न प्राइमरी कमीशन ग्रुप से जोड़ा गया। ग्रुप में अमेज़न प्रोडक्ट्स को लाइक करने पर कमीशन का प्रलोभन दिया गया। इसके बाद, उन्हें 19 मई 2024 को ऑनलाइन डॉट कॉम पर कार्य करने के लिए कहा गया, जिसमें उन्हें कई बार भुगतान करने को कहा गया। प्रारंभ में 3,000 रुपये, फिर 5,000 रुपये और इसके बाद अन्य बड़ी रकम यू.पी.आई. आई.डी के माध्यम से ट्रांसफर करने के निर्देश मिले। 20 मई 2024 को, गोयल को और भी बड़े भुगतान की मांग की गई, जिसमें कुल 3,46,000 रुपये, 1,54,000 रुपये, 5,26,000 रुपये और 4,80,000 रुपये की रकम अलग-अलग खातों में जमा करने के लिए कहा गया। सभी ट्रांजेक्शन गोयल ने अपनी अकाउंट से किए।

इसके बाद, उन्हें एक नए टेलीग्राम नंबर पर संपर्क करने के लिए कहा गया, जहां उन्हें टैक्स के रूप में 4,47,100 रुपये जमा करने को कहा गया। जब गोयल ने इस पर संदेह जताया और आगे कोई राशि जमा नहीं की, तो उन्हें और भी बड़ी राशि का भुगतान करने की मांग की गई, जिसके लिए 4,94,100 रुपये की डिमांड की गई। जिसके बाद उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर पुलिस से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# बीएलएम एकेडमी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर परंपरागत खेलों और क्विज का आयोजन

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा और योग विभाग की ओर से आयोजित इंटर-हाउस स्पोर्ट्स क्विज में ओरियन हाउस ने जीत दर्ज की, जबकि पर एक्विला सदन ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। निदेशिका सौम्या अग्रवाल और उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर ने विजेताओं को शुभकामनाएँ दी। परिसर में स्थानीय परम्परागत खेलों का आयोजन किया गया, बच्चों ने विभिन्न खेलों उत्साह से हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने उत्साह और टीम भावना का प्रदर्शन किया। इस मौके पर खेल प्रभारी हर्ष गोयल, निश्चल जोशी, हेमंत जोशी, संजय सजवान, रंजना बोरा, वंदना बोरा ने सहयोग किया।



## आज बागेश्वर में भारी बारिश का यलो अलर्ट, यमुनोत्री हाईवे कई जगह बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज भी मौसम खराब बना रहेगा। मौसम विभाग ने बागेश्वर में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून , नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ के कुछ स्थानों में भी हल्की बारिश की संभावना है।

यमुनोत्री घाटी में रातभर मूसलाधार बारिश सुबह थमी। बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह मलबा और बोल्डर आने से बंद है। जिसके कारण श्रद्धालुओं के वाहन भी जगह-जगह फंसे हुए हैं। उधर फूलचट्टी जानकीचट्टी के बीच कृष्णा चट्टी के पास पांचवें दिन भी बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो सकी। इससे जिसके चलते श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। टीम कृष्णा चट्टी के पास बड़े वाहनों के लिए सड़क बनाने में लगी हुई है।

# सड़क हादसों में नाना-नाती समेत तीन की मौत

**प्रयागराज**
**एजेंसी**



सोरांव थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे में प्रतियोगी छात्र के साथ ही नाना और नाती की सड़क हादसे में मौत हो गई। घायल मां-बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है।

सोरांव थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर हुए सड़क हादसों में नाना-नाती की मौत हो गई और हादसे में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दूसरे हादसे में कोचिंक पढ़ने जा रहे साइकिल सवार एक प्रतियोगी छात्र को वाहन ने रौंद दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने वाले वाहनों की खोजबीन में पुलिस जुट गई है। सोरांव थाना क्षेत्र के पूरनपुर निवासी संजय कुमार पटेल (17) पुत्र राकेश कुमार स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। वह रोज की तरह शुक्रवार को भी सुबह साइकिल से कोचिंग सेंटर जा रहा था। सोरांव के मेवालाल इंटरमीडिएट कॉलेज के निकट प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने छात्र की साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संजय कुमार की मौत हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चालक कार लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

दूसरी घटना सोरांव थाना क्षेत्र के ही अकबरपुर सरायदीना में हुई। नूरपुर गांव निवासी राकेश कुमार (55) अपनी बेटी आरती और उसके दो बच्चों अमन (4) और अर्पिता (2) को बाइक पर बैठाकर बेटी को उसके ससुराल सुजनीपुर पहुंचाने जा रहा था। अकबरपुर सरायदीना गांव में ईंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे राकेश कुमार और उसके नाती अमन कुमार की मौत हो गई।

# उत्तराखंड समेत पांच राज्यों में ईडी का छापा

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में हुए अब तक के सबसे बड़े फर्जी रजिस्ट्री घोटाला मामले में पांच राज्यों में ईडी की कार्रवाई जारी है। ईडी सभी जगह सर्च ऑपरेशन चला रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी द्वारा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, पंजाब के लुधियाना सहित कुल डेढ़ दर्जन लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चला रही है।

यह कार्रवाई कई भू माफिया, रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यरत सरकारी कर्मचारी -अधिकारी, सरकारी वकील सहित कुछ बिल्डर के लोकेशन पर चल रही है।

बता दें कि जुलाई 2022 में देहरादून फर्जी रजिस्ट्री घोटाला सामने आया था। इस मामले में पुलिस 18 मुकदमे दर्ज कर चुकी है। वहीं, 20 से ज्यादा आरोपी जेल में बंद हैं। वहीं, दो बड़े अधिवक्ता भी इस मामले में आरोपी हैं।




## पंतनगर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चालक पर सिडकुल क्षेत्र में पैदल युवक को कुचलने का आरोप है। यूपी के जिला बरेली के थाना ग्राम डंडिया बाबूराम नबावगंज निवासी खंडारी लाल पुत्र श्यामलाल ने पंतनगर पुलिस को तहरीर सौंपी। उन्होंने तहरीर में बताया कि भतीजा विनोद कुमार पुत्र रामकुमार 29 अगस्त 24 को सिडकुल की एक कंपनी में काम के संबंध में समय पहुंचा था। उन्होंने बताया कि देरी होने के कारण काम नहीं लगा। इसी दौरान मैनी कंपनी पंतनगर के पास में वाहन संख्या आरजे 14 जीपी-9879 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए विनोद कुमार को टक्कर मार दी। जिससे भतीजा विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां मौजूद लोग भतीजे को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान भतीजे की मृत्यु हो गयी। पंतनगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व पुलिस ने यूपी के स्मैक तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना पुलिस ने 35 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीडी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस तस्कर को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। वहीं दूसरी ओर पुलिस उसे स्मैक उपलब्ध कराने वाले महादेव की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक् एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी कौशल भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम क्षेत्र में नशे के सौदागरों की तलाश में गश्त पर थे। पुलिस टीम कृष्णा कॉलोनी पहुंची तो एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उस पर शक होने पर उसका पीछा किया और उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम ग्राम मालन खेड़ा कैमरी रामपुर और हाल कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप निवासी आकाश पाल उर्फ कलुआ उर्फ दुर्लभ पुत्र छत्रपाल सिंह बताया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसे थाना ले जाया गया। वहां पर पूछताछ में उसने बताया कि वह स्मैक ट्रांजिट कैंप निवासी महादेव नाम के व्यक्ति से खरीदता है और वह क्षेत्र में जगह जगह बेचता है। उन्होंने बताया कि पुलिस तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम स्मैक सप्लायर महादेव के संबंध में जानकारी जुटा रही है। उसे जल्द ही पकड़ने का दावा पुलिस कर रही है। गिरफ्तार तस्कर का अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

## उप शिक्षा अधिकारी के लिए हिमानी का चयन



**नैनीताल।** अपनी मेहनत और लगन से बिना किसी कोचिंग के प्रथम प्रयास में प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2021 में भूमियाधार निवासी हिमांशु बिष्ट (हिमानी) ने उप शिक्षा अधिकारी में चयन प्राप्त किया। भूमियाधार निवासी हिमांशु बिष्ट (हिमानी) पुत्री बलवन्त सिंह बिष्ट एक बार फिर से गाँव व क्षेत्र का नाम रोशन कर दिखाया। इससे पहले हिमांशु का चयन पटवारी पद में 2023 में हुआ अभी ये वर्तमान प्रशिक्षु पटवारी प्रशिक्षण गौलापार एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में ले रही है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हिमांशु की पढ़ाई कक्षा 1-5 शिशु मंदिर भूमियाधार, 6-8 जीआईसी भूमियाधार, 9-12 जीजीआईसी नैनीताल, ग्रेजुएशन (जेड बीसी).और पोस्ट ग्रेजुएशन ( जीव विज्ञान) डीएसबी कैंपस नैनीताल से किया। हिमांशु अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, माता व भाई बहन और समस्त गुरुजनों को देती है।




## नियमितिकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया पौधरोपण

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितिकरण की मांग को लेकर गुरुवार को लगातार 57वें दिन भी निगम कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय नैनीताल में वृहद स्तर पर पौधारोपण के साथ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत निगम कर्मचारियों ने निगम की इकाइयों में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक स्थगित हो गई इससे कर्मचारियों में आक्रोश है। कहा कि अब निदेशक मंडल की बैठक 5 सितंबर (गुरुवार) को होगी। उन्होंने कहा कि अगर 5 सितंबर की बैठक में निगम कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई तो 6 सितंबर से निगम कर्मचारी निगम मुख्यालय में क्रमिक अनशन प्रारंभ कर देंगे। कहा कि समूचे कुमाऊं मंडल में कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारी 30 अगस्त (आज) से 5 सितंबर तक वृहद स्तर पर पौधारोपण करेंगे। और सफाई अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, अरविंद नेगी, हरीश कांडपाल तथा नीता आर्या दीपक पांडे, जतिन, राहुल, नीरज तथा सतीश व नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## भटेलिया को नगर पंचायत बनाने की कवायद शुरु

**धारी**
**हमारे संवाददाता**

भटेलिया को नगर पंचायत बनाने की कवायद शुरु। गुरवार को पीडब्ल्यूडी गैस्ट हाउस कसियालेख में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि , होटल रैस्ट्रेरेंट एसोशिएशन , व्यापार मण्डल के साथ तहसील प्रशासन की संयुक्त बैठक हुई। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष भटेलिया कृष्णा सिंह बिष्ट ने बताया मुक्तेश्वर, भटेलिया , लेटीबुंगा , खपराड़ , रामगढ़ तक नगरपंचायत बनाने की मांग है । उप जिलाधिकारी धारी केएन गोस्वामी ने बैठक में कहा नगर पंचायत बन जाने से इन कस्बों का कायाकल्प हो जाएगा। नगर पंचायत बनाने से पूर्व धारी क्षेत्र के भटेलिया बाजार से एक किलोमीटर दायरे में जुड़े गांवों के लोगों की सहमति ली जायेगी। नगरपंचायत की आर्हता अनुसार प्रस्ताव को अंतिम रुप दिया जायेगा। इस मौके व्यापार मण्डल अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट द्वारा एसडीएम धारी शाल उड़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी धारी केएन गोस्वामी ,प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष भटेलिया कृष्णा सिंह बिष्ट, होटल एसोशिएशन अध्यक्ष मुकेश्वर सुदर्शन शाही, राजेन्द्र महरा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट , विवेक डंगवाल, हरीश नयाल, ग्राम प्रधान गहना राजेश कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल में शिक्षण कार्य शुरू

**नैनीताल।** माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल में शिक्षण कार्य शुरू हो गया है। गुरूवार को यहां विभिन्न कक्षाओं में पहली क्लास लगाई गई। इससे पूर्व सभी छात्रों का कुमाऊंनी परंपरा के तहत स्वागत किया गया। विवि के चांसलर योगेश कुमार ने कहा कि माइंड पावर यूनिवर्सिटी उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र की उभरती प्राइवेट यूनिवर्सिटी है। गुरूवार को यूनिवर्सिटी के सत्र का पहला दिन था। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प हैए कि वह क्षेत्र के विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर गुणवत्तापरक शिक्षा एक ही परिसर में प्रदान करने की व्यवस्था करेंगे। यहीं नहीं प्रतिभावान छात्रों को दस से 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विवि की वाइस चांसलर डॉ. श्वेता भोसले ने विश्वविद्यालय की ओर से चांसलर योगेश कुमार तथा ग्रुप डायरेक्टर जगदीश प्रसाद, डायरेक्टर ऑफ कम्युनिकेशन केडी सिंह, डायरेक्टर ऑफ वोकेशनल स्किल्स एंड डिवलपमेंट उदय प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह बोहरा, उत्तर प्रदेश के कैंपस से सेंटर हेड सुरेश यादव, गौतम यादव, अभिषेक त्यागी, रंजीत, नवीन चंद्र, करिश्मा व वैशाली आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन वत्सला जबकि आभार वर्षा शर्मा ने किया।

### सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया खेल दिवस



**हल्द्वानी।** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में पूरे जोश के साथ सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया। छात्रों ने चम्मच रेस व 50 मीटर रेस में भाग लेकर खेल के प्रति मेजर ध्यानचंद द्वारा दिये गए योगदान को याद किया और खेल को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की शपथ ली। 50 मीटर की दौड़ में अपने अपने वर्ग में पहला स्थान भाविक बिष्ट, हार्दिक, समक्ष भट्ट, नमन राना, आदित्य पाठक, हार्दिका, भव्य जोशी, वंशिक पंत, अवनी नेगी, नवन्तिका वर्मा, अंजिल,अवनी नेगी, दिशि जोशी,वैष्णवी सनवाल, महक ने प्राप्त किया इसी प्रकार नैतिक, सार्थक, रुद्र, हार्दिक रैक्वाल, प्रत्यूष बिष्ट, मानवी, शुभिका, खुशी,सोनाक्षी, रक्षिता, नियति,नामिता, कोमल, श्रेया, माही ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तो प्रिंश, हर्षवर्धन, अभिनव,शिवांश,हार्दिक जोशी, चेतना, आराध्या, श्रेयशी, हिताक्षी, गीतांजलि,तान्या, अर्पिता, इशिता, चित्राक्षी, दिव्यांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान खेल प्रशिक्षक एस एस कपकोटी, दीपक जोशी, पूनम बिष्ट ने मुख्य योगदान दिया , खेल के दौरान मयंक बिष्ट व वरिष्ठ छात्रों ने विशेष योगदान दिया।

### सेंट लॉरेंस स्कूल में इंटरहाउस फुटबॉल मैच का आयोजन



**हल्द्वानी।** सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने महान मेजर ध्यान चंद की स्मृति में इंटरहाउस फुटबॉल मैच का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के चार सदन – नीलगिरि, अरावली, हिमाद्रि और विंध्याचल ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन, अनिल जोशी और प्रधानाचार्या अनिता जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। अंतिम मैच अरावली और नीलगिरि हाउस के बीच हुआ जो एक रोमांचक मुकाबला था, जिसमें नीलगिरि सदन ने प्रथम तथा अरावली सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## युवा नेताओं को सशक्त बनाने को कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

रोटरी क्लब ने युवा नेताओं को सशक्त बनाने, शिक्षा का समर्थन करने और हरित पहल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया। रोटरी क्लब द्वारा गुरवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में एक इंटरैक्ट क्लब स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान छात्र नेताओं को औपचारिक रूप से बैज प्रदान किए गए। जो संगठन के अंदर उनके समर्पण और भूमिकाओं को मान्यता देते हैं। प्रिंसिपल बी.एस. मेहता और संकाय सदस्यों सहित स्कूल के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित रोटरी सदस्यों में मनोज लांबा, सुभाष जैन, बबीता जैन, वाई.पी.एस. सूरी, विक्रम सुयाल, विजय कृष्ण, सुमित खन्ना, हरीश नयाल, डॉ. मनोज बिष्ट, सुनीता गुप्ता, अरुण शर्मा और ऐनी हरप्रीत शामिल रहें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल के तहत तीन योग्य लड़कियों – एक



सनवाल पब्लिक स्कूल से और दो भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय से चयनित की। साथ ही शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा एक प्रमुख आकर्षण थी।

रोटेरियन राकेश गुप्ता द्वारा प्रायोजित, सह सहायता सुनिश्चित करती है कि यह छात्र बिना किसी वित्तीय बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकें। इसके अतिरिक्त, रोटेरियन बबीता जैन और वाई.पी.एस. सूरी ने छात्रों को 12 हॉकी किट और 4 फुटबॉल वितरित किए, जिससे उनके समग्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया गया।

रोटरी क्लब ने लड़कियों के फुटबॉल टूर्नामेंट का भी उद्घाटन किया, जिसमें सदस्यों ने क्लब की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पिछले सदस्यों की याद में एक रनिंग ट्रॉफी शुरू करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ। जिसने पर्यावरणीय स्थिरता और व्यापक सामुदायिक सेवा के लिए रोटरी क्लब की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# अभिमत

## मुख्यमंत्री की मजबूरी

***उत्तराखंड में मंत्रियों को लेकर यह कटु सत्य मीडिया द्वारा समय-समय पर उजागर किया गया है कि मंत्री बनने के बाद राजधानी देहरादून तक सीमित रह गये हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी जनसम्पर्क नहीं करते हैं। सांसद और विधायक जनता से दूरी बनाये रहते हैं। सांसद प्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि से मिलकर लोग संतोष कर लेते हैं। प्रतिनिधि उन्हें आश्वासन देकर टाल देते हैं। समस्या का समाधान नहीं होता है। जिलों के प्रभारी मंत्री आपदा अथवा अन्य कोई जनसमस्या के समय भी नहीं पहुंचते हैं। हर मोर्चे पर मुख्यमंत्री को ही कमान संभालनी पड़ती है।***

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिसंबर, 2022 में मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा था। डबल इंजन की सरकार की एक तस्वीर यह है कि मुख्यमंत्री धामी ने अपने मंत्रियों को पत्र भेजकर उनके प्रभारी जिलों के दौरों, प्रभारी जिलों में किए गए रात्रि प्रवास, मीटिंग की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हर महीने दी जाने वाली रिपोर्ट मंत्रियों ने मार्च से अभी तक नहीं दी है। छह महीने बीत चुके हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद भी मंत्रियों ने जब रिपोर्ट नहीं सौंपी तो मुख्यमंत्री पत्र लिखने को मजबूर हुए, इससे पता चलता है कि माननीय अपने कार्य और जनहित के प्रति कितने लापरवाह हैं। सिर्फ माला पहनने के लिए कार्यक्रमों में पहुंचते हैं। जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान से कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रियों से अपेक्षा की गई थी कि वे अपने प्रभारी जिले में हर महीने किसी एक विकासखंड में जाकर विकास योजनाओं का निरीक्षण करें। इस दौरान वहां रात्रि विश्राम कर जनता और कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनें और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दें। मंत्रियों को हर महीने अपने भ्रमण की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजनी थी। शुरुआती दौर में तो मंत्रियों ने रिपोर्ट भेजी थी, लेकिन पिछले छह महीने से मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को छोड़कर किसी ने भी मुख्यमंत्री को अपने दौरों की रिपोर्ट नहीं सौंपी है। विवश होकर मुख्यमंत्री को खुद एक-एक मंत्री को पत्र लिखकर रिपोर्ट की याद दिलानी पड़ी। उत्तराखंड में मंत्रियों को लेकर यह कटु सत्य मीडिया द्वारा समय-समय पर उजागर किया गया है कि मंत्री बनने के बाद राजधानी देहरादून तक सीमित रह गये हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी जनसम्पर्क नहीं करते हैं। सांसद और विधायक जनता से दूरी बनाये रहते हैं। सांसद प्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि से मिलकर लोग संतोष कर लेते हैं। प्रतिनिधि उन्हें आश्वासन देकर टाल देते हैं। समस्या का समाधान नहीं होता है। जिलों के प्रभारी मंत्री आपदा अथवा अन्य कोई जनसमस्या के समय भी नहीं पहुंचते हैं। हर मोर्चे पर मुख्यमंत्री को ही कमान संभालनी पड़ती है। खास बात यह है कि भाजपा संगठन मंत्रियों का बचाव करता है और सरकार के कार्य की सराहना करते नहीं थकता है। कई मंत्री स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस या फिर जिला प्लान की मीटिंग के अलावा प्रभारी जिलों का रुख ही नहीं करते। ब्लॉक लेवल पर जाकर वहां रात्रि प्रवास करना तो दूर की बात है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री आपदा की जानकारी होने पर पूरे प्रदेश में पहुंचते हैं, उस क्षेत्र के मंत्री और विधायक मौजूद नहीं रहते हैं।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती नैनीताल में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया गया। इस विशेष मौके पर नगर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कुमाऊं विवि के डी एस बी परिसर नैनीताल के समस्त खिलाडियों व गुरुजनों व कर्मचारियों ने सुबह प्रभात फेरी निकाली जिसमें मेजर ध्यान चंद जी के नारे लगाए। उसके पश्चात विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

अपराह्न में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मेजर ध्यानचंद जी की जीवन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर नैनीताल निवासी एन एस बिष्ट व ललित शाह पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। एन एस बिष्ट द्वारा खिलाडियों को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया तथा शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलों में प्रतिभाग करने को कहा।



इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों तथा विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया गया।

मंच का संचालन प्रो. ललित तिवारी जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, संकायाध्यक्ष कला प्रो. पदम सिंह बिष्ट, मुख्य कुलानुशासक प्रो. एच सी एस बिष्ट समेत प्रो. गीता तिवारी, विवि के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा समेत डा. मोहन लाल,डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार, विभागाध्यक्ष संगीत विभाग डॉ. गगनदीप होठी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. हदयेश, भुवन सिंह बिष्ट, अनीता रावत, अपूर्व बिष्ट तथा ललित आदि उपस्थित थे।

दूसरी ओर नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में युवा छात्राओं को खेलों के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर छात्राओं के बीच दोस्ताना हॉकी मैच आयोजित किया गया।

मैच के माध्यम से हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद को उनके जनोत्सव पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। इसी के साथ पूरे रोमांच के साथ ऑल सेंट्स कॉलेज में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। यह दोस्ताना मैच विद्यालय की कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं की टीम पर्पल और टीम पिंक के बीच खेला गया। मैच 3- 0 से टीम पिंक के नाम रहा। मुकाबले में गोपाल बिष्ट और मयंक रावत निर्णायक की भूमिका में रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने छात्राओं छात्राओं सभी खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी छात्राओं से खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। मुकाबले में सभी खिलाडयि़ों ने खेल भावना के साथ साथ अपने कौशल के भी शानदार प्रदर्शन किया।

## ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। नेहा खंण्डेलवाल निवासी 91ए, हीरानगर हल्द्वानी ने महिला हेल्पलाइन और संबंधित अधिकारियों को दी शिकायत में कहा है कि उसका पति, प्रथम खंडेलवाल, और उनके ससुराल वाले उनकी शादी के बाद से लगातार दहेज और मकान बनाने को लेकर मारपीट और घरेलू हिंसा कर रहे हैं। महिला का कहना है कि उसकी शादी 25 मई 2023 को कान्ता बैंकट हॉल, हल्द्वानी में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शादी के बाद से ही उसका पति और ससुरालियों द्वारा उन्हें शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। नेहा ने 17 मई 2024 को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिया, जिसके बाद महिला हेल्पलाइन ने काउंसिलिंग की। 21 जून 2024 को एक राजीनामा भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद घरेलू हिंसा का सिलसिला जारी रहा। महिला ने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 14 सितंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुबीर कुमार ने बताया कि उत्तरखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में आगामी 14 सितंबर (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आयोजन जिला नैनीताल मुख्यालय में स्थित जिला न्यायालय एवं वाह्य स्थित न्यायालय हल्द्वानी एवं रामनगर में किया जाएगा। अदालत में सिविल मामलें, बैंक लोन रिकवरी के मामले, बीमा संबंधित, मोटर दुर्घटना संबंधित, पारिवारिक व वैवाहिक विवाद समेत चैक वाउन्स के मामलें, श्रम संबंधित विवाद, राजस्व संबंधित विवाद, बिजली व पानी संबंधित विवाद, मोटर वाहन एवं शमनीय प्रकृति के सभी अपराधिक मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। बताया कि अब तक प्री.लीटिगेशन एवं लंबित कुल लगभग 840 मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत किया जा चुका है। राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित हाने की स्थिति में सिविल वादों में अदा की गयी कोर्ट फीस वापसी का भी प्रावधान है।



जिसमें मामलें पट्टागण की आपसी सहमति से निस्तारित किये जाते हैं अत: इससे अग्रेतर लिटिगेशन/ अपील आदि में व्यतीत होने वाले समय एवं खर्च से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफ ल बनाने के लिए नैनीताल, हल्द्वानी तथा रामनगर के सभी न्यायालयों में लगाता जिला प्रशासन, बैंक बीमा व कम्पनियों, पुलिस एवं आर0टी0ओ0 के साथ बैठकें की जा रही हैं, जो मामले अभी न्यायलय के समक्ष नहीं आये है जैसे कि बैंक लोन रिकवरी मामलों जैसे प्रीलीटिगेशन मामलें, ऐसे मामलों में भी नियम व पॉलिसी अनुसार पूर्व निर्धारित व्याज दर से कम की हैं। बताया कि नैनीताल में श्री माँ नन्दा सुनन्दा महोत्सव पर डीएसए मैदान नैनीताल 10 सिंतबर से 15 सितंबर तक लगने वाले मेले में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है।

इस दौरान जिला विधिक प्राधिकरण सचिव बिनु गुलायनी जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी,सचिव गोपाल सुयाल, प्रमोद तिवारी,हरेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, सचिव संजय सिवाल, पलक अग्रवाल,समेत अन्य न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## ब्रेकअप के बाद अपने एक्स से बात नहीं करती कंगना



*कंगना रणौत अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी का प्रचार कर रही हैं। अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रणौत अक्सर अपने बेबाक बयानों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। अब हाल ही में, कंगना ने अपने एक्स को लेकर कई एक बड़ा बयान दिया है। कंगना ने कहा कि वह ऐसी व्यक्ति नहीं हैं जो अपने साथी से तलाक ले लें और फिर उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें और उनसे अक्सर मिलें। कंगना ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि वह अलग मानसिकता की हैं और अपने एक्स के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं कर सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसी व्यक्ति नहीं हैं, जो अपने साथी से तलाक ले लें और फिर उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें और उनसे अक्सर मिलें। जैसे ही कंगना ने तलाक का जिक्र किया, कई नेटिजंस ने आश्चर्य जताया कि क्या यह ऋतिक रोशन पर कटाक्ष था, जो अपनी पूर्व पत्नी सुजैन खान के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते हैं। कंगना ने मैशेबल इंडिया से कहा, मैं उस तरह की नहीं हूं। एक्सिस के साथ तो मैं कभी भी टच नहीं कर पा रही हूं। मैं बहुत पारंपरिक हूं यार। वो वाले नहीं हूं कि हांजी, तलाक करके, हैलो डार्लिंग, तुम यहां हो, मुझे तुम्हारी याद आती है। तो फिर तलाक क्यों किया?*

### यूजर ने लिखा, कंगना ऐसी ही रहो

*सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद यूजर्स ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, कंगना ऋतिक पर निशाना साध रही हैं? दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे कहना होगा कि वह कभी-कभी वाकई बहुत मजेदार होती है। एक और यूजर ने लिखा, कंगना ऐसी ही रहो, ईमानदारी से। सभी कलाकार को इतना ही खुलकर अपनी बात कहनी चाहिए। बता दें कि अभिनेत्री कंगना जल्द ही अपनी फिल्म इमरजेंसी के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। फिल्म 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में कंगना के अलावा श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक, महिमा चौधरी मुख्य भूमिका में हैं।*

## प्रथम अंतर विद्यालयी बालिका फुटबाल टूर्नामेंट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के डीएसए मैदान में चल रही प्रथम अंतर विद्यालयी बालिका फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को तीन मैच खेले गये।

पहला मैच भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ब्लू और मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल के बीच खेला गया इसमें दोनों टीमें एक एक गोल कर बराबरी में रही जबकि दूसरा मैच भारती शहीद सैनिक विद्यालय नेनीताल की रेड टीम और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की टीम के मध्य खेला गया जिसमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय शून्य के मुकाबले दो गोल से विजयी रही। अँतिम मैच ऑल सेंट कॉलेज ब्लू और मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर के मध्य खेला गया जिसमें आल सेंटकॉलेज ब्लू शून्य के मुकाबले तीन गोल से विजई रही। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश /उत्तराखंड की प्रथम महिला ब्लॉक प्रमुख धारी शांति बिष्ट और उनके पति हरेंद्र सिंह बिष्ट रहे। उन्होंने महिला प्रथम बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर बधाई दी और कहा कि इससे बालिकाओं को खेल के शेत्र में आगे बढने का मौका मिलेगा।टूर्नामेंट में प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता समेत फुटबॉल सचिव पवन सिंह खड़ायत, धर्मेंद्र शर्मा,संतोष शाह उपस्थित रहे जबकि रैफरी डा.मनोज सिंह बिष्ट व तेजिंग थे।



News कॉर्नर

### अस्पताल में डाक्टर व चिकित्सा स्टाफ से अभद्रता

**हल्द्वानी।** बेस चिकित्सालय के आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी के दौरान शराब के नश्से में धुत एक युवक ने गाली गलौज और अभद्रता कर दी। डा. ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डॉ. बृजेश सिंह रावत ईएमओ बेस चिकित्सालय ने कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई है कि 29 अगस्त की रात शराब के नशे में एक व्यक्ति ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और सरकारी सामान को नुकसान पहुँचाया। डॉ. रावत ने आरोप लगाया कि कमल भण्डारी पुत्र गणेश भण्डारी विद्यापुष्प एकेडमी, बरेली रोड, हल्द्वानी) के साथ आए दीपक यादव ने आपातकालीन कक्ष में शराब पीकर सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। दीपक यादव और उनके साथियों ने चिकित्सालय के स्टाफ के साथ गाली-गलौच की और सरकारी सामान, विशेष रूप से ह्वील चेयर को क्षतिग्रस्त कर दिया। डाक्टर ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### खटीमा के ग्राम पंचायत जुडका में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत विकासखंड खटीमा के ग्राम पंचायत जुडका में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग किया गया और 10 लाभार्थीयों का टीकाकरण तथा दवाईयां वितरित की गई । शिविर में ग्राम प्रधान जुडका, सहायक समाज कल्याण अधिकारी काशीपुर, ग्राम विकास अधिकारी जुडका तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जुडका, कृषि अधिकारी व कृषि विकास अधिकारी, तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

# जिलाधिकारी वंदना ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




बेटी बचाओ- बेटी पढाओ योजना एवं राज्य बालिका नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिले में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि हल्द्वानी तथा रामनगर आदि क्षेत्र के ऐसे स्थान जो बालिकाओं के लिए असुरक्षित हैं उन स्थानों का चिन्हिकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी शहर काफ ी संवेदनशील है इसलिए समिति के सदस्य हल्द्वानी शहर के डिग्री कालेज एवं शासकीय एवं निजी बालिका इन्टर कालेजों में रोस्टर वार सभी कालेजों की बालिकाओं से संवाद कर असुरक्षित क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल कर सूची भी तैयार करें। उन्होंने कहा असुरक्षित क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढाई जाए साथ ही उन स्थानों पर लाईटिंग एवं सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जाए। उन्होंने कहा समाज में ऐसी बच्चियां जो गरीब व असहाय हैं लेकिन उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त करनी है उनका चिन्हिकरण कर उनकी अच्छी शिक्षा की ओर महिला बाल विकास विभाग कार्य करे। उन्होंने कहा जनपद कि ऐसी प्रतिभावान महिलायें जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर के साथ ही इतिहास में ऐसे कार्य किये हैं लोगों को इनके बारे में जानकारी ही नहीं है उन प्रतिभावान महिलाओं के प्रेरणा दायक पोस्टर लगाये जांए ताकि लोग उनसे प्रोत्साहित होकर बालिकाएं प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा बालिकाओं को नये अपराधिक कानूनों के साथ ही यूनिफ ार्म सिविल कोड (यूसीसी) आदि कानूनों के महिलाओं संबंधी प्रावधानों की जानकारी भी दें, इसके लिए पोस्टर तथा पम्पलेट के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि बालिकायें को कानूनों के बारे में जानकारी हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, अपर पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह,बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट समेत प्रोवेशन अधिकारी वर्षा, संरक्षण अधिकारी प्रकाश काण्डपाल, सीडीपीओ पार्वती कोरंगा, पूनम रौतेला,तुलसी बोरा,शिल्पा जोशी तथा अनिता सक्सेना आदि उपस्थित थी।

# नदी में संदिग्ध परिस्थितियों डूबे युवक का शव बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप जगतपुरा निवासी 48 वर्षीय जगदीश उर्फ लालाराम गुरुवार दोपहर तीन बजे घर के पास ही बहने वाली कल्याणी नदी में संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गया था और डूब गया। उसके नदी में डूबने का पता चलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।



इसी बीच आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा पुलिस कर्मियों के साथ ही जल पुलिस और एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। जगदीश की कल्याणी नदी में तलाश शुरू कर दी थी। देर रात तक चले रेस्क्यू के बाद भी कल्याणी नदी में जगदीश का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया था। शुक्रवार को एक बार फिर पुलिस और जल पुलिस, एसडीआरएफ ने कल्याणी नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 11 बजे उसकी लाश घटनास्थल से 400 मीटर दूर मिली। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। जगदीश की लाश देखकर पत्नी और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने बताया कि कल्याणी नदी से लाश बरामद कर ली है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। मृतक के घर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उधर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी।

# गौला पुल की मरम्मत का काम समय से पहले पूरा किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

काठगोदाम स्थित गौला पुल की मरम्मत का काम तय समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है। इससे जहां वाहन चालकों को राहत मिली है वहीं शहर के मार्गो पर बढ़ रहा वाहनों का दबाव भी कम हुआ है।

गौरतलब है कि प्रशासन ने काठगोदाम नारीमन से गौलापार की ओर जाने वाले पुल की मरम्मत के लिए यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया था। इसके तहत 27 अगस्त से दो सितंबर तक यहां वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था लेकिन शुक्रवार को ही कार्यदायी संस्था की ओर से मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। फिलहाल हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। पुल की मरम्मत होने तक पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्ट भी किया था। इस कारण पिछले दिनों शहर के आंतरिक मार्गो में यातायात अव्यवस्था भी दिखाई दी।



# कुमाऊं आयुक्त ने टिफिन टॉप का किया स्थलीय निरीक्षण



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने गुरुवार को भूस्खलन से प्रभावित अयारपाटा की टिफिन टॉप (डोरोथी सीट) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को टिफि न टॉप मार्ग में पर्यटकों व स्थानीय लोगों की जानकारी के लिए साइन ऐज लगाने के निर्देश दिए, साथ ही मार्ग में विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पेड़-पौधों के बारे जानकारी के लिए जगह जगह में बोर्ड लगाने को कहा।

निरीक्षण के बाद आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि डोरोथी सीट समुद्र सतह से 2200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, साथ ही यह स्थल पर्यटन के दृष्टि महत्वपूर्ण भी है, ट्रेकिंग के लिए वर्ष भर हजारों लोगों यहां पहुंचते हैं लेकिन बीते दिनों भारी बारिश के कारण टिफि न टॉप (डोरोथी सीट) भूस्खलन की चपेट में आ गया जिससे टिफिन टॉप चोटी (डोरोथी सीट) का अधिकांश हिस्सा टूट गया है जिसके बाद से वहां के लिए आवाजाही पूर्ण रूप से बंद है। रावत के मुताबिक टिफिन टॉप (डोरोथी सीट) में मेजर प्रोटेक्शन वर्क की आवश्यकता है। इसी क्रम में उन्होंने गुरवार को वन विभाग के साथ ही नगर पालिका तथा लोनिवि आदि विभागीय अधिकारियों के साथ सयुंक्त निरीक्षण किया है। बोले कि प्राथमिकता के साथ डोरोथी सीट फि र से बनाने के लिए बेहतर डीपीआर तैयार की जाएगी साथ ही इसको और भी ज्यादा बेहतर और आकर्षित बनाया जाएगा, जिसमें लाइट, पानी, शौचालय, ईको फैंडली टूरिज्म और अन्य सुविधा भी मुहैया करायी जाएगी, जिससे इसकी पुरानी पहचान कायम रह सके। इस दौरान केएमवीएन के एमडी डा. संदीप तिवारी, डीएफ ओ चंद्रशेखर जोशी, एसडीएम प्रमोद कुमार, ईई लोक निर्माण विभाग रत्नेश सक्सेना तथा ईओ नगर पालिका पूजा आर्या समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हरविंदर आजीवन सदस्य बने



**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने शहर के प्रमुख कारोबारी हरविंदर सिंह चड्ढा को आजीवन सदस्य मनोनीत किया है। उनके सदस्य बनने पर अनिल खंडेलवाल, विनय सिंह चौहान, अविनाश गुप्ता, नंदन सिंह चौहान, सौरभ अग्रवाल, हरमोहन सिंह बिष्ट, प्रकाश पांडेय आदि ने हर्ष जताया है।

# राहतः बीडी पांडे अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा शुल्क में की कमी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से शासन से मिले दिशा-निर्देशों के क्रम में मरीजों से लिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य सेवा शुल्क में कमी कर दी गयी है। शुल्क में यह कमी शुक्रवार (आज) से ही लागू हो जाएगी।

जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.तरुण कुमार टम्टा के मुताबिक वाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का जो शुल्क पूर्व में 28 रुपया लिया जाता था अब उसे घटाकर 20 रुपएं कर दिया गया है। अन्तःरोगी विभाग (आईपीडी) के लिए जो पूर्व में 144 रुपया शुल्क था उसे घटाकर 50 रुपएं कर दिया गया है। इसी क्रम में जनरल वार्ड में तीन दिन के बाद पूर्व में 57 रुपया शुल्क लिया जाता था उसे अब उसे भी घटाकर 25 रुपया कर दिया गया है वहीं प्राईवेट वार्ड का शुल्क जो 430 रुपये था वह अब 150 रुपएं कर दिया गया है। इसके साथ ही एम्बुलैंस शुल्क (न्यूनतम पांच किलोमीटर तक) अब 200 रुपये देना होगा जबकि 5 किलोमीटर से अतिरिक्त दूरी के लिए 20 रुपया प्रति किलोमीटर शुल्क देना होगा। डा.टम्टा ने बताया कि इसके अलावा जिला अस्पताल में होने वाले अन्य परीक्षणों व निदान जांच हेतु शुल्क का निर्धारण राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड की नवीनतम दरों के अनुसार ही लिए जाएगें। उन्होंने बताया कि नए संशोधित स्वास्थ्य सेवा शुल्क जिला अस्पताल में शुक्रवार (आज) से लागू हो जाएगें।

# मिनी स्टेडियम व शिशु मंदिर बेतालघाट की टीम फाइनल में

**नैनीताल/बेतालघाट**

**हमारे संवाददाता**

मिनी स्टेडियम बेतालघाट में हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खूब दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया। मिनी स्टेडियम व शिशु मंदिर बेतालघाट के बीच हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में मिनी स्टेडियम की टीम ने 31- 27 के अंतर से जीत दर्ज की।



विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गुरवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल बेतालघाट के तत्वाधान में मिनी स्टेडियम में हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ी दिलीप सिंह नेगी व प्रकाश पडियार दलीप पडियार भाजपा नेता तारा भंडारी संदीप भंडारी रवि कुमार संदीप भंडारी ने खिलाड़ियों से खेल मैदान पर खेल भावना का परिचय दे उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया। अतिथियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद्र के जीवन पर प्रकाश डाल खिलाड़ियों से उनके आदर्शो को आत्मसात करने का आह्वान किया। बताया की पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन के दम पर सुनहरा भविष्य तैयार किया जा सकता है। युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक अधिकारी विनोद कुमार व खेल प्रशिक्षक विवेक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मिनी स्टेडियम व शिशु मंदिर बेतालघाट की टीम ने अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच फाइनल का रोमांचक मुकाबला खेला गया।

मिनी स्टेडियम की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के दम पर शिशु मंदिर बेतालघाट की टीम को 31-27 के अंतर से मात देकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चापड दिलिप सिंह पडियार, तारा सिंह भंडारी दलीप नेगी प्रकाश पडियार, बबीता बोहरा, संदीप भंडारी, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।